**CAAE – 2 (H)**

# सहायक लेखा अधिकारी सामूहिक परीक्षा

**दिसम्बर, 2009**

**सेवा नियम** (पुस्तकों सहित)

*समय : 3 घंटे* *अधिकतम अंक : 150*

**अनुमत पुस्तकें :**

1. मूल नियमावली खंड I और II
2. पूरक नियमावली
3. केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली 1972
4. केन्द्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियमावली 1972
5. सामान्य भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवा) नियमावली, 1960
6. छुट्टी यात्रा रियायत नियमावली
7. पुनर्नियोजित पेंशन भोगियों से संबंधित वेतन निर्धारण आदेश

उपलब्ध कराए जाने वाले फार्म :

1. स्थानांतरण यात्रा भत्ता बिल फार्म
2. छुट्टी लेखा फार्म

**टिप्पणियां :**

(i) प्रश्न संख्या **1** तथा **4** अनिवार्य है तथा शेष में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। अंक प्रत्येक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।

(ii) जहां आवश्यक हो अपने उत्तर के समर्थन में संगत नियमों/आदेशों का उल्लेख कीजिए।

(iii) इस प्रश्न पत्र में **6** पृष्ठ और **7** प्रश्न हैं।

**1.** रिक्त स्थानों को भरिए :-

(i) न्यूनतम पेंशन ................ रु. प्रतिमाह से बढ़ाकर ................ रु. प्रतिमाह और अधिकतम पेंशन ................ रु. प्रतिमाह से बढ़ाकर ................ रु. प्रतिमाह कर दी गई है। *(2+2+2+2=8 अंक)*

(ii) बढ़ी हुई परिवार पेंशन सेवा में रहते हुए मृत्यु के मामले में ............ वर्ष के लिए और मृत्यु होने या उस तारीख तक जब दिवंगत व्यक्ति ने ............ वर्ष की

आयु प्राप्त कर ली होती, इनमें से जो भी पहले हो, के मामले में ............ वर्ष के लिए है। (2+2+2=6 अंक)

(iii) पेंशनर/परिवार पेंशनर इन आयु को प्राप्त करने पर अतिरिक्त पेंशन पाने के हकदार होंगे; 80 वर्ष पर अतिरिक्त पेंशन/परिवार पेंशन, पेंशन/परिवार पेंशन का ............% है। 95 वर्ष पर यह ............%, 100 वर्ष पर यह ............% है। (2+2+2=6 अंक)

(iv) यदि पुराने और नए मुख्यालयों के बीच की दूरी 2000 किमी. से अधिक है तो सरकारी कर्मचारी को स्वीकार्य कार्यभार ग्रहण समय ............ दिन है यदि यात्रा विमान से की जाती है और ............ दिन है यदि यात्रा सड़क मार्ग से की जाती है। (2+2=4 अंक)

(v) मुख्यालय से अनुपस्थित रहने की अवधि के लिए दैनिक भत्ते के मामले में दैनिक भत्ता पहले 180 दिन के लिए ............ (पूरा, आधा, चौथाई) और 180 दिन के बाद ............ (20%, 10%, 5%, शून्य) होगा। (2+2=4 अंक)

(vi) पीबी-4 के अंतर्गत आने वाले कर्मचारी जो निवास और कार्यालय के बीच यात्रा के लिए सरकारी कार का उपयोग करने के हकदार हैं के पास ............ रु. परिवहन भत्ता + दैनिक भत्ता प्राप्त करने का विकल्प है यदि वे निवास और कार्यालय के बीच यात्रा के लिए सरकारी कार का उपयोग बंद कर देते हैं। (2 अंक)

**2.** निम्नलिखित पर टिप्पणी कीजिए :-

(i) एक सरकारी कर्मचारी की सेवा में रहते हुए मृत्यु हो जाती है और वह अपने पीछे संतान रहित पत्नी को छोड़ जाता है। संतान रहित विधवा पुनर्विवाह कर लेती है। परिवार पेंशन के लिए उसकी पात्रता पर टिप्पणी कीजिए। (6 अंक)

(ii) एक सरकारी कर्मचारी का स्थानांतरण दूसरी सरकार या संगठन के नियंत्रण में कर दिया जाता है जिसने कार्यभार ग्रहण की अवधि निर्धारित करने वाले नियम अलग बना रखे हैं। सरकारी कर्मचारी के कार्यभार ग्रहण करने और लौटने के समय कार्यभार ग्रहण समय किस प्रकार शासित किया जाएगा। (6 अंक)

(iii) एक सरकारी कर्मचारी छुट्टी यात्रा रियायत का लाभ उठाते समय 10 दिन अर्जित छुट्टी का नकदीकरण कराता है। तथापि, वह केवल 4 दिन के आकस्मिक अवकाश के लिए आवेदन करता है। क्या भारत सरकार के नियमों/आदेशों के अनुसार ऐसा करने की अनुमति है? (6 अंक)

(iv) एक सरकारी कर्मचारी 10 वर्ष की अर्हक सेवा पूरी करने से पूर्व अमान्य रूप से सेवानिवृत्त होता है।

(क) पेंशन के लिए उसकी पात्रता पर टिप्पणी कीजिए।

(ख) सरकारी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के बाद मृत्यु हो जाने की स्थिति में उसकी परिवार पेंशन की स्वीकार्यता पर टिप्पणी कीजिए।

*(3+3=6 अंक)*

(v) श्री 'एक्स' और श्रीमती 'एक्स' पति-पत्नी हैं और दोनों केंद्रीय सरकारी कर्मचारी हैं। दोनों जबलपुर में तैनात हैं। श्री 'एक्स' को फरवरी, 2009 में भोपाल में स्थानांतरित कर दिया जाता है और श्रीमती 'एक्स' को मई, 2009 में भोपाल में स्थानांतरित कर दिया जाता है। निम्नलिखित पर टिप्पणी कीजिए -

(क) पति और पत्नी दोनों के लिए स्थानांतरण यात्रा भत्ते की स्वीकार्यता।

(ख) अलग-अलग कारों के परिवहन पर हुए व्यय की प्रतिपूर्ति।

*(3+3=6 अंक)*

**3.** **(क)** केंद्रीय सरकार के एक अधिकारी की सेवा के निम्नलिखित रिकार्ड से अधिवर्षिता की तारीख को उसके खाते में जमा (i) अर्जित अवकास (ii) अर्ध वेतन अवकाश की गणना कीजिए :

| | |
|---|---|
| (क) जन्म की तारीख | 25.04.1949 |
| (ख) सेवा आरंभ की तारीख | 04.10.1970 |
| (ग) 01.07.2006 को शेष अवकाश - | |
| अर्जित अवकाश | 254 |
| अर्ध वेतन अवकाश | 322 |

(घ) 30.06.2000 से पूर्व उसने निम्नलिखित छुट्टी ली थी :

(i) 50 दिन का परिवर्तित अवकाश

(ii) 40 दिन का अर्ध वेतन अवकाश

(iii) 22 दिन का अर्जित अवकाश

(ङ) उसके बाद वह निम्नलिखित अवधि के लिए अवकाश पर था :

(i) 11.10.2006 से 30.10.2006 तक 20 दिन का अर्जित अवकाश और उसके बाद 40 दिन का परिवर्तित अवकाश

(ii) 22.08.2006 से 21.09.2006 तक असाधारण अवकाश

(च) 15.01.2008 से 50 दिन की अप्राधिकृत अनुपस्थिति जिसे अकार्य दिवस माना गया।

(छ) अधिकारी का 18.04.2008 को दिल्ली स्थानांतरण होने पर उसने 8 दिन का कार्यारम्भ समय लिया जबकि यह 15 दिन स्वीकार्य था।

(ज) अधिकारी ने 13.06.2008 से 49 दिन का अर्जित अवकाश लिया और उसके बाद 25 दिन का परिवर्तित अवकाश और 56 दिन का अर्ध वेतन अवकाश लिया। *(10+10=20 अंक)*

(ख) यह मानते हुए कि उपर्युक्त अधिकारी ने 21.10.2008 के बाद कोई अवकाश नहीं लिया, निम्नलिखित विवरण से उसकी अधिवर्षिता की तारीख को उसे देय अवकाश वेतन के बराबर राशि ज्ञात कीजिए :

| | |
|---|---|
| मूल वेतन | 20,200 रु. |
| ग्रेड वेतन | 5,400 रु. |
| महंगाई भत्ता | 22% |
| मकान किराया भत्ता | 30% |
| परिवहन भत्ता | 3,200 रु. + 22% महंगाई भत्ता |

*(10 अंक)*

4. (क) एक सरकारी कर्मचारी जिसकी जन्म की तारीख 18.07.1949 है 01.12.1978 को सरकारी सेवा आरंभ करता है और 31.07.2009 (अपराह्न) को अधिवर्षिता प्राप्त करता है। उसकी सेवा का अन्य ब्योरा इस प्रकार है :-

(i) 01.06.2007 से 31.05.2008 तक एक वर्ष की अन्यत्र सेवा।

(ii) 01.12.2008 से 31.12.2008 तक 1 माह का निलंबन। यह अवधि पेंशन के लिए हिसाब में नहीं ली जाएगी।

(iii) 01.02.2009 से 28.02.2009 तक एक माह के चिकित्सा प्रमाण-पत्र के बिना असाधारण अवकाश। यह अवधि पेंशन के लिए हिसाब में नहीं ली जाएगी।

(iv) 01.04.2009 से 31.05.2009 तक 2 माह का निलंबन और उसके बाद लघु शास्ति सहित सेवा में बहाल कर दिया गया। इस अवधि को अर्हक सेवा के रूप में पेंशन के लिए हिसाब में लिया जाएगा।

(v) 04.06.2009 से 23.06.2009 तक 20 दिन का अर्ध वेतन अवकाश।

यह सरकारी कर्मचारी 01.07.2008 से 18,560 रु. मूल वेतन और 4,800 रु. ग्रेड वेतन प्राप्त कर रहा था। महंगाई भत्ते की दर 01.01.2009 से 22% और 01.07.2009 से 27% है। सरकार द्वारा स्वीकार की गई छठे केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार निम्नलिखित की गणना कीजिए :

(क) अर्हक सेवा *(5 अंक)*

(ख) औसत परिलब्धियां *(5 अंक)*

(ग) पेंशन और परिवार पेंशन *(5 अंक)*

(घ) सेवानिवृत्ति उपदान *(5 अंक)*

(ख) सरकारी कर्मचारी (उपर्युक्त विवरण सहित) की 30.07.2009 को मृत्यु हो जाने की स्थिति में, निम्नलिखित ज्ञात कीजिए :

(क) मृत्यु तथा सेवानिवृत्ति उपदान (5 अंक)

(ख) बढ़ी हुई परिवार पेंशन (5 अंक)

5. (क) नई दिल्ली से मुंबई स्थानांतरित किए गए एक अधिकारी का निम्नलिखित सूचना के आधार पर स्थानांतरण यात्रा भत्ता ज्ञात कीजिए :

(i) मूल वेतन 22,320 रु. + ग्रेड वेतन 7,600 रु.

(ii) उसके परिवार में पत्नी, एक 22 वर्षीय विवाहित पुत्री (अपने पति से कानूनी रूप से अलग), 19 वर्षीय और 16 वर्षीय दो अविवाहित पुत्रियां, 18 वर्षीय पुत्र, उसकी विधवा सास, 24 वर्षीय भाई, एक 29 वर्षीय अविवाहित बहन शामिल हैं। ये सभी कथित रूप से उस पर निर्भर हैं और उसके साथ रहते हैं।

(iii) अधिकारी ने अपनी पत्नी, विवाहित पुत्री, दो अविवाहित पुत्रियों, एक पुत्र, सास, अविवाहित बहन सहित 01.07.2009 को राजधानी एक्सप्रेस से वातानुकूलित प्रथम श्रेणी से यात्रा की, 16.05 बजे नई दिल्ली से रवाना होकर 02.07.2009 को 08.25 बजे मुंबई पहुंचे।
घरेलू नौकर ने 02.07.2009 को रेल (वातानुकूलित 2 टियर) से यात्रा की।

(iv) निवास से रेलवे स्टेशन की दूरी दिल्ली और मुंबई में क्रमशः 10 किमी. और 5 किमी. है। टैक्सी से यात्रा की, दोनों स्थानों पर लागू टैक्सी दर 16 रु. / किमी. है।

(v) अधिकारी की कार को सड़क मार्ग से (1550 किमी.) चलाकर ले जाया गया, भाई ने कार में यात्रा की। ईंधन पर वास्तविक व्यय 17,000 रु. था, परिवहन निदेशालय द्वारा नियत की गई दर 16 रु./किमी. है।

(vi) उसका व्यक्तिगत सामान जिसका वजन 6000 कि.ग्राम. था परिवहन कम्पनी द्वारा सड़क मार्ग से ले गाया गया। की गई अदायगी 27,500 रु. है। इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत सामान की चढ़ाई और उतराई पर 1,000 रु. खर्च किए गए।

(vii) दर/किराया

| | |
|---|---|
| राजधानी एक्सप्रेस | वातानुकूलित प्रथम श्रेणी 3,665 रु. |
| डाक गाड़ी | वातानुकूलित प्रथम श्रेणी 2,820 रु. |
| डाक गाड़ी | वातानुकूलित 2टीयर 1,655 रु. |

व्यक्तिगत सामान का परिवहन प्रभार प्रति किमी. = 18 रु.

कार का यात्री गाड़ी से परिवहन प्रभार = 16,800 रु.
(नई दिल्ली से मुंबई)

(viii) अधिकारी ने 90,000 रु. का यात्रा भत्ता अग्रिम लिया था।

(25 अंक)

(ख) एक सरकारी कर्मचारी का 01.08.2009 को नई दिल्ली से चंडीगढ़ स्थानांतरण कर दिया जाता है। अधिकारी शताब्दी एक्सप्रेस से यात्रा करने का हकदार है। अधिकारी अपने परिवार, जिसमें पत्नी, 9, 8, 7 वर्षीय तीन पुत्रियां और 6 वर्षीय पुत्र शामिल हैं, के साथ यात्रा की। शताब्दी एक्सप्रेस का नई दिल्ली से चंडीगढ़ तक का किराया 500 रु. है।

उसे स्वीकार्य किरायों की संख्या और अदा की जाने वाली कुल राशि ज्ञात कीजिए। *(5 अंक)*

6. निम्नलिखित ब्योरे से लेजर फोलियो तैयार कीजिए और सा.भ.नि. का वर्ष 2008-09 का ब्याज ज्ञात कीजिए :

(क) 31.03.2008 की स्थिति के अनुसार शेष 7,51,828 रु.

(ख) अभिदान मार्च, 2008 (वेतन माह) से सितम्बर, 2008 (वेतन माह) तक 8,000 रु. की दर पर और अक्तूबर, 2008 (वेतन माह) से फरवरी, 2009 (वेतन माह) तक 10,000 रु. की दर पर।

(ग) उसने सितम्बर, 2006 में 40,000 रु. का अग्रिम लिया था जो 2,000 रु. प्रत्येक की दर पर 20 किस्तों में वसूल किया जाना था। पहली किस्त अक्तूबर, 2006 के वेतन से वसूल की जानी थी।

(घ) अप्रैल, 2008 में 36,000 रु. का अग्रिम लिया। समेकित राशि 10 किस्तों में वसूल की जाएगी जो अप्रैल, 2008 के वेतन से शुरू होगी।

(ङ) 4,000 रु. प्रत्येक की दर से मार्च, 2006 और अप्रैल, 2006 के लापता क्रेडिटों (स्थानांतरण के समय) को अगस्त, 2008 में समायोजित किया जाएगा।

(च) अक्तूबर, 2008 में 50,000 रु. का आहरण किया गया।

(छ) ब्याज की दर इस प्रकार थी :

(i) 2005-06 8% (ii) 2006-07 8%

(iii) 2007-08 8% (iv) 2008-09 8%

*(30 अंक)*

7. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए :

(i) शुल्क और मानदेय *(6 अंक)*

(ii) शिक्षु और परिवीक्षाधीन *(6 अंक)*

(iii) संतान परिचर्या अवकाश *(6 अंक)*

(iv) अवकाश वेतन अग्रिम *(6 अंक)*

(v) प्रतिपूर्ति पेंशन *(6 अंक)*

-------

CAAE – 2 (E)

# COMMON ASSISTANT ACCOUNTS OFFICER EXAMINATION

## DECEMBER, 2009

## SERVICE RULES (With Books)

*Time Allowed : 3 Hours* *Maximum Marks : 150*

**Books allowed:**

1. Fundamental Rules Vol.I & II.
2. Supplementary Rules.
3. Central Services (Pension) Rules, 1972.
4. Central Services (Leave) Rules, 1972.
5. General Provident Fund (Central Service) Rules, 1960
6. Leave Travel Concession Rules.
7. Orders Regarding Fixation of Pay of Re-employed Pensioners.

**Forms to be supplied:**

1. Transfer TA Bill Form. 2. Leave Account Form

**Notes :**

1. Answer question nos. **1** and **4** which are compulsory and any **three** of the rest. Marks are indicated against each question.
2. Quote relevant rules in support of your answer wherever necessary.
3. This question paper contains **6** pages and **7** questions.

**1.** Fill in the blanks:

(i) The minimum pension is enhanced from Rs. ..........p.m. to Rs.............. p.m. and the maximum pension is enhanced from Rs.........p.m. to Rs.........p.m. *(2+2+2+2 = 8 marks)*

(ii) The enhanced family pension is for...........years in the case of death while in service and for..........years in the case of death or till the date on which the deceased person would have attained the age of.........years, whichever is earlier. *(2+2+2 = 6 marks)*

(iii) Pensioners/Family pensioners will be entitled to additional pension on attaining these ages; at 80 years the additional pension/family pension is............% of pension/family pension, at 95 year it is...........%, at 100 years it is................%. *(2+2+2 = 6 marks)*

(iv) In case of distance of more than 2000 kms between the old and the new headquarter, the joining time admissible to a Government servant is............... Days if mode of travel is air and.................days if mode of travel is road. *(2+2 = 4 marks)*

(v) In case of daily allowance for the period of absence from headquarters, the daily allowance will be.......................(Full, Half, Quarter) for the first 180 days and................(20%, 10%, 5%, Nil) beyond 180 days.

*(2+2 = 4 marks)*

(vi) Employees in PB-4 who are entitled to the use of official car for travel between residence and office have the option to draw transport allowance of Rs........ + D.A. if they give up the use of official car for travel between residence and office. *(2 marks)*

**2.** Comment on the following:

(i) A Government servant dies while in service leaving behind a childless wife. The childless widow re-maries. Comment on her eligibility for family pension. *(6 marks)*

(ii) A government servant is transferred to the control of another Government or organization, which has made separate rules prescribing amount of joining time. How will the joining time of the government servant be governed at the time of joining and return?

*(6 marks)*

(iii) A government servant encashes earned leave of 10 days at the time of availing LTC. He however applies for only 4 days of casual leave. Is this permissible as per GOI rules/orders? *(6 marks)*

(iv) A government servant retires on invalidation before completing 10 years of qualifying service.

(a) Comment on his eligibility for pension.

(b) If the government servant dies after retirement, comment on the admissibility of family pension. *(3+3 = 6 marks)*

(v) Mr. 'X' and Mrs. 'X', husband and wife, are both Central Government employees. Both are stationed at Jabalpur. Mr. 'X' is transferred to Bhopal in February, 2009 and Mrs. 'X' is transferred to Bhopal in May 2009. Comment on:-

(a) Admissibility of transfer travelling allowance for both husband and wife.

(b) Reimbursement of expenses on transportation of separate cars.

*(3+3 = 6 marks)*

**3. (A)** Calculate (i) Earned Leave (ii) Half Pay Leave at the credit of a Central Government Officer on the date of superannuation from the following records of service:

(a) Date of Birth 25/04/1949

(b) Date of Joining Service 04/10/1970

(c) Balance of leave on 1/7/2006

EL 254

HPL 322

(d) Prior to 30/06/2000, he had taken:

(i) 50 days Commuted Leave

(ii) 40 days Half Pay Leave

(iii) 22 days Earned Leave

(e) He was on leave for the following period thereafter;

(i) EL for 20 days from 11/10/2006 to 30/10/2006 followed by 40 days of commuted leave

(ii) Extraordinary leave from 22/08/2006 to 21/09/2006

(f) 50 days of unauthorized absence from 15/01/2008 treated as dies non.

(g) On his transfer to New Delhi on 18/04/2008, he availed of 8 days joining time against the admissible 15 days.

(h) He has availed 49 days earned leave from 13/06/2008 followed by 25 days of commuted leave and 56 days of Half Pay Leave.

*(10+10 = 20 marks)*

**(B)** Assuming that the above officer did not take any leave after 21/10/2008, calculate the cash equivalent of leave salary due to the above officer on the date of superannuation with the following particulars:

| | |
|---|---|
| Basic Pay | Rs. 20,200 |
| Grade Pay | Rs. 5,400 |
| Dearness Allowance | 22% |
| HRA | 30% |
| Transport Allowance | Rs.3,200+DA 22% |

*(10 marks)*

4. **(A)** A government servant whose date of birth is 18/07/1949 joins government service on 01/12/1978 and superannuated on 31/07/2009 (A/N). The other service details are:-

(i) Foreign service for one year from 01/06/2007 to 31/05/2008

(ii) Suspension for 1 month from 01/12/2008 to 31/12/2008. This period does not count for pension.

(iii) EOL without medical certificate for one month from 01/02/2009 to 28/02/2009. This period does not count for pension.

(iv) Suspension for 2 months from 01/04/2009 to 31/05/2009 and then reinstated with minor penalty. The period counts for pension as qualifying service.

(v) Leave on Half Pay Leave for 20 days from 04/06/2009 to 23/06/2009.

The Government servant was drawing Basic Pay Rs.18,560/- and Grade Pay Rs.4800/- w.e.f. 01.07.2008. D.A. rate is 22% from 01.01.2009 and 27% from 01/07/2009. Calculate as per VIth Central Pay Commission recommendation accepted by the Government

(a) Qualifying Service *(5 marks)*

(b) Average Emoluments *(5 marks)*

(c) Pension and Family Pension *(5 marks)*

(d) Retirement Gratuity *(5 marks)*

**(B)** In case the Government servant (with above details) died on 30/07/2009; calculate the

(a) Death cum Retirement Gratuity *(5 marks)*

(b) Enhanced Family Pension *(5 marks)*

5. **(A)** Calculate the transfer travelling allowance of an officer transferred from New Delhi to Mumbai on the basis of following information:

(i) Basic Pay Rs.22,320/- + Grade Pay Rs.7600/-

(ii) Family consists of wife, one married daughter, aged 22 years (legally separated from her husband), two unmarried daughters, aged 19 years and 16 years respectively, one son aged 18 years, his widowed mother-in-law, brother, aged 24 years, one un married sister aged 29 years. All of them are stated to be dependent on him and reside with him.

(iii) The officer along with his wife, married daughter, 2 unmarried daughters, one son, mother-in-law and unmarried sister travelled by AC first class on 01/07/2009 by Rajdhani Express; departure New Delhi at 16.05 hours and arrived Mumbai at 8.25 hours on 02/07/2009.

The domestic servant travelled by rail on 02/07/2009 (AC 2 tier)

(iv) Distance between residence and railway station at Delhi and Mumbai is 10 kms. and 5 kms. respectively. Journey by taxi, applicable taxi rate is Rs.16 kms. at both places.

(v) The officer's car was transported under its own propulsion (1550 kms.), brother travelled in the car. Actual expenditure on fuel was Rs.17,000/-, rate fixed by Directorate of Transport is Rs.16 per km.

(vi) His personal effects weighing 6000 kg. carried by road by transport company. Payment made is Rs.27,500/- Additionally, Rs.1,000/- spent on loading and un-loading of personal effects.

(vii) Rates/fares

| | |
|---|---|
| Rajdhani Express | AC first class Rs.3665/- |
| Mail Train | AC first class Rs.2820/- |
| Mail Train | AC 2 tier Rs.1655/- |

Charges for transport of personal effects per km. = Rs.18/-

Charges for transport of can by passenger train = Rs.16,800/-

(New Delhi to Mumbai)

(viii) The officer drew T.A. advance of Rs.90,000/- *(25 marks)*

**(B)** A government servant is transferred from New Delhi to Chandigarh on 01/08/2009. He is entitled to travel by Shatabdi Express. He travelled along with his family consisting of wife, 3 daughters aged 9, 8 and 7 years and a son aged 6 years. The fare of Shatabdi Express from New Delhi to Chandigarh is Rs.500/-.

Calculate the number of fares admissible and total amount to be paid. *(5 marks)*

6. Prepare the ledger folio and calculate the interest for the year 2008-09 of the GPF A/c with the following particulars:

   (a) Balance as a 31/03/2008 is Rs.7,51,828/-

   (b) Subscription @ 8,000/- from March, 2008 (Salary month) to September, 2008 (Salary month) and Rs.10,000/- from October, 2008 (Salary month) to February, 2009 (Salary month).

   (c) He had taken an advance of Rs.40,000/- in September, 2006 recoverable in 20 installments @ Rs.2000 each. The first installment was recovered from the salary for October, 2006.

   (d) Taken an advance of Rs.36,000 in April, 2008. Consolidated amount will be recovered in 10 installments commencing from the salary for April, 2008.

   (e) Missing credits (at the time of transfer) for the month of March, 2006 and April, 2006 @ Rs.4,000/- each will be adjusted in the month of August, 2008.

   (f) Withdrawal of Rs.50,000/- in October, 2008.

   (g) The rate of interest for the year:

   | | | |
   |---|---|---|
   | (i) | 2005-2006 | 8% |
   | (ii) | 2006-2007 | 8% |
   | (iii) | 2007-2008 | 8% |
   | (iv) | 2008-2009 | 8% |

   *(30 marks)*

7. Write short notes on:

   (i) Fee and Honorarium *(6 marks)*

   (ii) Apprentice and Probationers *(6 marks)*

   (iii) Child care leave *(6 marks)*

   (iv) Advance of leave salary *(6 marks)*

   (v) Compensation Pension *(6 marks)*

-------